# बजट का सार
# BUDGET AT A GLANCE
## *व्याख्यात्मक टिप्पणी* *Explanatory Note*

इस पुस्तिका में बजट के अनुमानों को स्थूल समूहों में बांट कर दिखाया जाता है,ताकि बजट को आसानी से समझा जा सके। इस प्रयोजन के लिए प्राप्ति और व्यय की कतिपय मदों का पुनः समूहीकरण किया गया है। उदाहरण के लिए वाणिज्यिक विभागों के व्यय को, उनकी प्राप्तियां घटाकर दिखाया गया है, ताकि लेन-देनों की मात्रा में होने वाली वृद्धि से दोनों खातों के आंकड़ों के परिमाण में वृद्धि न हो पाए। इसी प्रकार, राज्यों को दिए गए ऐसे अल्पावधिक ऋणों और अग्रिमों को भी, जिनको उसी वर्ष के दौरान वसूल कर लिया गया हो, घटा दिया गया है।

इस पुस्तिका में राजस्व घाटे, राजकोषीय घाटे और प्रारंभिक घाटे को दर्शाया गया है। ***राजस्व घाटे*** में, राजस्व प्राप्तियों की तुलना में राजस्व व्यय की अधिकता का उल्लेख किया गया है। ***राजकोषीय घाटा*** राजस्व प्राप्तियों और कतिपय ऋण-भिन्न पूंजी प्राप्तियों ***तथा*** कुल व्यय, जिसमें से वापसी-अदायगियों को घटाकर ऋणों को शामिल किया गया है, के बीच का अंतर है। यह सरकार के सभी स्रोत से कुल उधार संबंधी आवश्यकताओं को दर्शाता है। ***प्रारंभिक घाटे*** को ब्याज अदायगियां घटाकर राजकोषीय घाटे द्वारा मापा जाता है।

**टिप्पणीः** *इस दस्तावेज में और अन्य बजट दस्तावेजों में दर्शाए गए आंकड़ों में घट-बढ़, अगर कोई है, पूर्णांकन के कारण हैं।*

The Budget estimates are presented in this document in broad aggregates to facilitate easy understanding. For this purpose certain items of receipts and expenditure have been regrouped. For example, the expenditure of commercial departments have been taken net of their receipts so that increase in the volume of transactions does not inflate the figures on both sides. Similarly, short term loans and advances given to the States and recovered during the same year have also been netted.

The document shows the revenue deficit, the fiscal deficit and the primary deficit. ***Revenue deficit*** refers to the excess of revenue expenditure over revenue receipts. ***Fiscal deficit*** is the difference between the revenue receipts *plus* certain non-debt capital receipts and the total expenditure including loans, net of repayments. This indicates the total borrowing requirements of Government from all sources. ***Primary deficit*** is measured by fiscal deficit less interest payments.

**Note**: *Variations, if any, in the figures shown in this document and those shown in other Budget documents are due to rounding.*